भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5653
शुक्रवार, 26 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय जलवायु अनुसंधान केन्द्र

5653. श्री अदाला प्रभाकर रेड्डीः
श्री मारगनी भरतः

क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय जलवायु अनुसंधान केन्द्र (एनसीसीआर) सागर-आधारित अर्थव्यवस्था हेतु संसाधनों के संरक्षण और संवहनीय प्रबंधन के लिए समुद्र तटीय राज्यों को वैज्ञानिक और तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है; और

(ख) यदि हां, तो विगत एक वर्ष में इस संबंध में आंध्र प्रदेश को प्रदान की गई सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(डॉ. हर्ष वर्धन)

(क) जी हां। राष्ट्रीय जलवायु अनुसंधान केन्द्र (एनसीसीआर) संसाधनों के संरक्षण और सतत् प्रबंधन हेतु तटीय राज्यों को वैज्ञानिक तथा तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाता है।

(ख) आंध्र प्रदेश में एनसीसीआर द्वारा पुलीकट झील की पारि-प्रणाली की वर्तमान स्थिति का अध्ययन प्रारंभ किया गया है ताकि इसके पुनरुद्धार के लिए उपाय/ प्रबंधन कार्यनीति को सूत्रीबद्ध किया जा सके।

*****